## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–09.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विधानसभा चुनाव प्रचार को लेकर दूसरी बार दस नवंबर को झारखंड में एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि श्री मोदी रांची के रातू रोड में रोड शो करेंगे। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि श्री मोदी बोकारो और गुमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

****************

पहले चरण के मतदान की तारीख निकट आने के साथ ही चुनाव प्रचार में तेजी आती जा रही है। इसे देखते हुए एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों गठबंधन के नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए राज्य भर में तूफानी दौरे कर रहे हैं। इस कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा और हिमंता बिस्वा सरमा की कई विभिन्न जगहों पर कई चुनावी सभाएं हो रही हैं।

****************

आयकर विभाग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नजदीकी और निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर आज छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी रांची और जमशेदपुर के लगभग नौ जगहों पर चल रही है। आयकर की टीम सीआरपीएफ जवानों के साथ छापेमारी कर रही है। इधर, प्रदेश कांग्रेस के नेता राकेश सिन्हा ने कहा है कि भाजपा आईटी और ईडी का दुरूपयोग कर रही है।

वहीं, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि चुनाव में पैसों के दुरुपयोग की सूचना पर जहां भी एजेंसियों को सबूत मिलते हैं, वहां कार्रवाई होती है।

****************

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने बताया कि आज वोट देने चलो सोशल मीडिया अभियान में संध्या 5 से 7 बजे तक अपने–अपने सोशल मीडिया हैंडल्स से मतदाता जागरूकता संबंधी फोटो, वीडियो कंटेंट को शेयर एवं पोस्ट कर इस हैशटैग अभियान का हिस्सा बनें ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा सके।

इधर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि इस बार विधानसभा चुनाव के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए दो लाख साठ हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है। पोस्टल बैलेट के ये आवेदन पूर्व के किसी भी आम चुनाव से अधिक हैं। इससे संभावना है कि पहले के चुनाव की अपेक्षा इस बार पोस्टल बैलेट से मतदान में बढ़ोत्तरी होगी।

****************

13 नवंबर को कोडरमा विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

पलामू प्रमंडल के बेतला क्षेत्र में दो दिवसीय पलामू किला मेला का आज उद्घाटन किया जाएगा। मेला को लेकर सभी तैयारीयां पूरी हो चुकी है। यह ऐतिहासिक मेला राजा मेदिनी राय की याद में महापर्व छठ के पारण के दुसरे दिन लगता है।

********समाप्त********